DOON UNIVERSITY
NEWSPAPER CLIPPING SERVICES

दून विवि के 67 विद्यार्थी योजना से हुए लाभान्वित

'उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना' के तहत मेधावी छात्र-छात्राओं को मिली छात्रवृत्ति

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

देहरादून।

दून विश्वविद्यालय परिसर में उच्च शिक्षा विभागांतर्गत मुख्यमंत्री 'उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना' शैक्षणिक वर्ष 2023-24 के मेधावी छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान किए जाने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें ऑनलाइन आवेदन करने के बारे में बताया गया।

इस मौके पर प्रथम चरण में स्नातकोत्तर स्तर के विभिन्न पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत 67 मेधावी छात्र-छात्राओं को 20 लाख छात्रवृत्ति प्रदान की गई। छात्रवृत्ति प्राप्तकर्ता मेधावी छात्र-छात्राओं ने सरकार एवं विश्वविद्यालय का धन्यवाद ज्ञापित किया। कुलपति डा. सुरेखा डंगवाल ने सभी मेधावी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि इस योजना से गरीब परिवार के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के अवसर मिलेंगे और वे उच्च शिक्षा ग्रहण करने की ओर प्रेरित होंगे। भविष्य में स्नातक स्तर के मेधावी छात्र-छात्राओं को भी छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी।

इस अवसर पर कुलसचिव डा. एमएस मन्द्रवाल, वित्त नियंत्रक सुनील कुमार रतूड़ी, सहायक कुलसचिव रोहित जोशी, दिवेन्द्र रावत आदि मौजूद थे।

कार्यशाला में मौजूद छात्र-छात्राएं व अन्य।

News paper – Rastriya Sahara
Date – 16.03.2024